एक नजर में

वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती को नगर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया

बिस्टान, निप्र ।लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती को नगर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया ।इस अवसर पर सुबह रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया ।इसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं ,नगर परिषद स्टाफ, जिसमें थाना प्रभारी सहित समस्त पुलिस स्टाफ नगर के सम्मानित नागरिक, आदि शामिल हुए ।बन्हेर तिराहे पर सभी को एकता अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई ।

70 वां स्थापना दिवस का परिषद के सीएमराइस स्कूल में आयोजन

बिस्टान, निप्र । शनिवार को सैकड़ों छात्र छात्राओं द्वारा स्कूली रैली में शामिल होकर मेरा मध्य प्रदेश सब से अलग है प्रदेश के नारे लगाकर नगर की प्रमुख गलियों में से होकर बस स्टैंड पर आए यहा से पुन : कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे ।अवसर था प्रदेश के 70 वा स्थापना दिवस का परिषद के सी एम राइस स्कूल में आयोजन किया गया ।मंच सजाया गया पदाधिकारियों के लिए विशेष बैठने की व्यवस्था की गई । सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूली छात्रों द्वारा देश भक्ति के गानों पर प्ररस्तुतिया दी गई ।देश मेरा रंगीला देश मेरा रंगीला ,तेरी मिट्टी में मिल जावा पर रिकार्ड डांस छात्रों द्वारा किया गया ।वही उपस्थिति छात्रो को सी, एम ,ओ संतोष कुमार पारासर, परिषद अध्यक्ष डेम सिंह नार्वे, सभा पति प्रहलाद वास्कले द्वारा प्रससति प्रमाण पत्र दिए गए । इस अवसर पर स्कूली शिक्षक, शिक्षिकाए ,छात्र गण ,भाजपा के पदाधिकारी गण ,सामाजीक कार्येकर्ता ,मौजूद रहे ।कार्यकर्म का संचालन किशोर राठोर ने किया आभार विष्णु सिंह दांगी ने माना ।

तीन लाख रूपए की अवैध मदिरा तथा मदिरा बनाने की सामग्री जब्त

कसरावद निप्र । आबकारी आयुक्त म .प्र . द्वारा जारी निर्देशों के आलोक में खरगोन जिले में कलेक्टर भव्या मित्तल के आदेश तथा सहायक आबकारी आयुक्त जिला-खरगोन के निर्देश पर अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाये जा रहे लगातार विशेष अभियान के तहत आबकारी जिला-खरगोन के वृत्त- कसरावद में आज दिनांक 01.11.2025 को प्रभारी अधिकारी आबकारी नियंत्रण कक्ष, सजेन्द्र मोरी के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा विक्रेताओं,पर कार्रवाई कर ग्राम मिर्जापुर ,अहिल्या पुरा तथा सरवर देवला क्षेत्र के में अलग-अलग स्थान पर कार्यवाही कर वृत्त प्रभारी ओमप्रकाश मालवीय आबकारी उपनिरीक्षक द्वारा म .प्र . आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क के तहत 06 प्रकरण दर्ज कर 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया । 95 लीटर हाथ भट्टी मदिरा तथा 2700 किलोग्राम महुआ लहान जप्त कर महुआ लहान के सेम्पल लेकर शेष लहान नष्ट किया गया ।कार्रवाई में कुल जब्त अवैध मदिरा तथा सामग्री का कुल अनुमानित मूल्य रु .3,00,000/- (तीन लाख रूपए) है । उक्त कार्यवाही में आबकारी आरक्षक संतोष वर्मा, अमन सिंह चौहान तथा रिता सिंगोरिया का विशेष योगदान रहा । अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी ।

धूमधाम से मनाई गई देवउठनी ग्यारस

सनावद, निप्र । कार्तिक शुक्ल एकादशी यानी देवउठनी ग्यारस का पर्व सनावद में परंपरागत उत्साह के साथ मनाया गया । महिलाओं ने एकजुट होकर तुलसी पूजन किया और 'आंवला-सांवला बोर भाजी, उठो रे देव घंटाल बाजी' जैसे लोकगीतों की धुन पर घंटे-घड़ियाल बजाकर चार माह के चातुर्मास निद्रा से भगवान विष्णु को जगाने का आह्वान किया ।पुरे सनावद शहर मैं धार्मिक परिसर से लेकर घर-घर तक गन्ने की झोपड़ी सजाई गई। तुलसी-शालिग्राम विवाह के साथ महिलाओं ने सामूहिक आरती उतारी और प्रसाद वितरित किया । ढोल-मंजीरे की थाप पर नाचते-गाते बच्चे, युवा और बुजुर्ग पूरे वातावरण को भक्तिमय बना रहे इस दौरान मंजू मालाकार, राम सोनी, अखिलेश कनाड़े,जय,जगदीश सोनी आदि उपस्थित रहे ।

णमोकार मंत्र विधान :150 अर्घ्य समर्पित,युगल मुनिराज के सानिध्य में भक्ति का सागर उमड़ा

सनावद, निप्र । श्री दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में अष्टानिका पर्व के तृतीय दिवस कार्तिक शुक्ल एकादशी को मुनि श्री विश्वसूर्य सागर जी महाराज एवं मुनि श्री साध्य सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में णमोकार मंत्र विधान का भव्य आयोजन संपन्न हुआ । इस अवसर पर 150 अर्घ्य समर्पित कर भक्तों ने आध्यात्मिक ऊंचाइयों को छुआ । विधान रचाने का सौभाग्य श्रीमती रेखा राकेश जैन, अंजू पाटनी, जयश्री जैन तथा सुबोध बाई जैन परिवार को प्राप्त हुआ । सन्मति जैन काका ने बताया कि युगल मुनिराज ने प्रत्येक अर्घ्य की महिमा विस्तार से समझाते हुए कहा कि णमोकार मंत्र जैन धर्म का सार है । पंच परमेष्ठी को नमन करने वाला यह मंत्र मन की शुद्धि, करुणा जागरण एवं पाप नाश का सर्वोच्च साधन है । रात्रिकालीन भक्ति सत्र में आचार्य भक्ति गुरुवंदना, श्रीजी की आरती एवं धार्मिक प्रवचन हुए । उपस्थित प्रमुख भक्तजन — नीतू जैन, सोनम जैन, राजकुमारी जैन, नरेंद्र काकू सहित सैकड़ों समाजजन ।

कालर बेन्ड सेरेमनी आयोजित

भीकनगांव । अभिभाषक संघ भीकनगांव के द्वारा इस वर्ष का दीपावली मिलन कार्यक्रम जूनियर अधिवक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम के रूप में रहा, क्योंकि अभिभाषक संघ के अभी तक के कार्यक्रमो से अलग होकर संघ द्वारा जूनियर अधिवक्ताओ को कानूनी जिम्मेदारी से जोड़ते हुए, विधि व्यवसाय अपनी महत्पूर्ण भूमिका निभाने के उद्देश्य से एक नवाचार पहल के रूप दीपावली मिलन समारोह में नैक बैंड (कॉलर बैंड) समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें न्यायधीशगण, संघ पदाधिकारी एवं सीनियर अधिवक्ताओ के द्वारा नव नामांकित एवं जूनियर अधिवक्ता को कॉलर बैंड पहना कर, तथा कानून के व्यवसाय में जूनियर अधिवक्ताओ की भूमिका एवं कार्य के प्रति जिम्मेदारी जैसे विषयो पर वरिष्ठ अधिवक्ता एवं न्यायाधीश ने अपने विचार सभी से साझा किये ..अध्यक्ष निर्मल जैन ने बताया की सफेद बैंड शांति, पवित्रता, निष्पक्षता और पारदर्शिता का प्रतीक है, जो अधिवक्ताओं को ईमानदारी के साथ अपने कानूनी कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित करता है, उपाध्यक्ष हिमांशु अत्रे अधिवक्ता पवन चौबे एवं अधिवक्ता राहुल गुप्ता ने सम्बोधित कर कॉलर बैंड के महत्व को बताते हुए वकालत के व्यवसाय को जिम्मेदारी से निभाने के लिए प्रेरित किया ।

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

नवभारत न्यूज़

खरगोन । विधायक श्री बालकृष्ण पाटीदार ने कहा कि 1956 में स्थापना के बाद से ही मध्यप्रदेश प्रगति के नए आयाम प्रस्तुत कर रहा है। एक समय था जब प्रदेश अति-पिछड़े राज्यों में गिना जाता था, पर अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भरता के संकल्प और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की चंहुमुखी प्रगति हुई है। प्रदेश में आवागमन के साधन बढ़े हैं, सिंचाई का विस्तार हुआ है, ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता आई है और मजबूत अधोसंरचना से औद्योगिक विकास हुआ है।

प्रदेश की इस विकास यात्रा में स्वदेशी अपनाकर जनता भी पूरा सहयोग दे रही है। उन्होंने स्थापना दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की।

पाटीदार पीजी कॉलेज खरगोन में आयोजित मध्य प्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में विधायक पाटीदार ने ध्वजारोहण किया। सामूहिक राष्ट्रगान के उपरांत पीजी कॉलेज के भारतमाता हॉल में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। केके कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, देवी अहिल्या उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1, शासकीय कन्या शिक्षा परिसर मेनगांव तथा गायत्री शिक्षा निकेतन के विद्यार्थियों ने गणगौर नृत्य, संजा नृत्य, और अन्य लोक प्रस्तुतियों के माध्यम से निमाड़ी संस्कृति और प्रदेश के समृद्ध गौरव की झलक दिखाई। अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों को स्मृतिचिन्ह प्रदान किए गए। मध्यप्रदेश गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अनुबाई तंवर, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी, कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल, जिला पंचायत सीईओ आकाश सिंह, अपर कलेक्टर रेखा राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहरी श्री बिट्टू सहगल, एसडीएम श्री वीरेंद्र कुमार कटारे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

क्रांति सूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय में मनाया स्थापना दिवस

खरगोन । क्रांति सूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय में 1 नवंबर को विधायक बालकृष्ण पाटीदार के मुख्य आतिथ्य एवं पद्मश्री पुरस्कृत साहित्यकार जगदीश जोशीला के प्रमुख आतिथ्य में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस मनाया गया । विधायक ने कहा कि निरंतर कई वर्षों से मध्य प्रदेश विकसित होने की दिशा में कार्य कर रहा है । युवाओं को चाहिए कि वह स्वदेशी अपनाओ और गौरव बढ़ाओ को आत्मसात करें । तभी देश वास्तविक अर्थों में विकसित होगा । विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो . मोहनलाल कोरी ने अपने वक्तव्य में मध्य प्रदेश की सामाजिक, सांस्कृतिक, भौगोलिक वर्तमान परिदृश्य को समझाते हुए कहा कि युवाओं को देश और राज्य की प्रगति में प्रामाणिक रूप से अपना योगदान देना चाहिए । डॉ . रश्मि चौहान ने मप्र के विकास यात्रा पर प्रकाश डाला । विश्वविद्यालय के प्रथम कुल सचिव मनोहर दास सोमानी ने सभी को आश्वस्त किया की आने वाले समय में विश्वविद्यालय और अधिक सशक्त और मजबूत होकर कार्य करेगा । मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर परी बछाने, द्वितीय स्थान नीरज चौहान और तृतीय स्थान प्रीति डाबर ने प्राप्त किया । संचालन विश्वविद्यालय परीक्षा समन्वयक डॉ . आर आर आर्य ने किया । इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष छाया जोशी, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष बीएस परिहार, विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक गणेश मुकाती, सहायक कुल सचिव वीरेंद्र उचवारे, डॉ . अनीता बिरला, डॉ . एनएस बर्डे, डॉ . प्रकाश वास्कले सहित छात्र .छात्राएं उपस्थित थे ।

आकांक्षा हाट एवं आजीविका फ्रेश मेले का आयोजन

खरगोन। मप्र स्थापना दिवस पर शहर के राधाकुंज मांगलिक परिसर में आकांक्षा हाट एवं आजीविका फ्रेश मेले का समारोहपूर्वक शुभारंभ किया गया । नीति आयोग, भारत सरकार एवं जिला प्रशासन खरगोन के संयुक्त तत्वावधान में मेला 3 नवंबर तक चलेगा । मेले का विधायक बालकृष्ण पाटीदार, कलेक्टर भव्या मित्तल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनुबाई तंवर एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी द्वारा किया गया । कलेक्टर मित्तल ने अपने संदेश में कहा कि स्थानीय उत्पाद हमारी संस्कृति और परंपरा की पहचान हैं । आकांक्षा हाट का आयोजन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल हैं । जिला पंचायत सीईओ आकाश सिंह के नेतृत्व में मेले का आयोजन किया गया । जिला पंचायत तकनीकी सहायक नीरज अमझरे ने बताया मेले में 35 स्टॉल लगाए गए है । यह मेला प्रतिदिन प्रात : 11 से सायं 5 बजे तक संचालित रहेगा । इस मेले का मुख्य उद्देश्य वोकल फॉर लोकल की भावना को प्रोत्साहित करते हुए स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए लगाया गया है । इसमें महिला स्व .सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों के साथ-साथ हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, कृषि उत्पाद, खाद्य पदार्थ, हस्तशिल्प वस्तुएं और पारंपरिक परिधान प्रदर्शित किए गए हैं । इसके अलावा निमाड़ी व्यंजनों के स्टॉल भी है, इन स्टॉलों का शुभारंभ अवसर पर अतिथियों ने भी आनंद लिया । आयोजन में गोविंद मंडलोई, किरण कटाने, सावन पाटीदारए शिवकन्या सोलंकीए साक्षी राठौर एवं योगेश कुमरावत ने सक्रिय भूमिका निभाई । मेले में कृषि, उद्यानिकी, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, पुलिस विभाग, सहित कई विभागों द्वारा प्रदर्शनियां लगाई गईं । जिनमें उन्नत कृषि तकनीक, जैविक खेती, पोषण आहार, साइबर अवेयरनेस, पोषण आहार और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी जानकारी प्रदर्शित की गई ।

75वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में छात्राओं ने बनाई रांगोली

गोगावां, निप्र । कन्या शिक्षा परिसर गोगावा में मध्यप्रदेश के 75वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में परिसर की छात्राओं द्वारा रांगोली उकेरकर इस कार्यक्रम को धूमधाम से मनाया इस दौरान छात्राओं को विशेष भोजन भी परोसा गया ।

खाटूश्याम भजन संध्या का हुआ आयोजन

वृदांवन पैटर्न पर सजे बाबा खाटूश्याम का दरबार रहा आकर्षण का केन्द्र



कसरावद, निप्र । कसरावद तहसील के.ग्राम मगरखेड़ी की शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को भव्य खाटूश्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें आसपास क्षेत्र के हजारों श्यामप्रेमी शामिल हुए बाबा खाटूश्याम का भव्य दरबार वृदांवन पैटर्न पर? बनाया गया ।दरबार को आकर्षक फूलों से सजाया गया था ।जो कि आकर्षण का केन्द्र बना हुआ था ।दरबार को देखने के लिए हजारों की संख्या में श्यामप्रेमी शामिल हुए थे । इत्र और पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया ।जिसमें बाबा छप्पन भोग प्रसादी का भोग भी लगाया गया था ।सर्वप्रथम जोड़ों से पूजन करके बाबा की ज्योत जलाकर आरती हुई फिर गायक राहुल राठौड़ खरगोन द्वारा गणपति वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई । भजन संध्या के चलते मुख्य अतिथि के रूप में पधारे मौनी बापू? मां नर्मदा गौशाला बलगांव और आशीष बिल्लौरे खाटू श्याम मंदिर धामनोद प्रधान पुजारी का ग्राम मगरखेड़ी राम मंदिर के पुजारी अरविंद शर्मा द्वारा शाल श्रीफल से स्वागत किया ।वही ओपी पटेल धामनोद द्वारा भी उज्जैन का महाराजा ने खम्मा रे खम्मा खाटूश्याम के भजन की प्रस्तुतियां दी गई तो वही राजगढ़ से आई दुर्गा गामड़ द्वारा

बांस की बांसुरिया पर बड़ा इतराए
घड़ी की पगड़ी बांधे सुंदर आंखों वाला
तीन बाण के धारी तीनों बाण चलाओ ना

जैसे सुमधुर खाटूश्याम भजनों से श्याम प्रेमियों को देर रात तक लुभाया गया ।वही हजारों की संख्या में पधारे श्याम प्रेमियों ने देर रात भजनों का आनंद लिया ।तो वही श्याम इच्छा तक चले भजन संध्या के अंत में बाबा खाटूश्याम की महाआरती कर प्रसाद का वितरण भी किया गया ।

ड्रायफ्रूट से हुआ बाबा श्री श्याम का श्रृंगार

खरगोन, निप्र । एकादशी मनाने को लेकर अलग-अलग तिथियों के बीच शनिवार को शहर के कमला नगर में स्थापित श्री खाटू श्याम मंदिर में एकादशी उत्सव धूमधाम से मनाया गया । यहां विराजित हारे के सहारे श्री बाबा श्याम का ड्रायफ्रुट से मनोहारी श्रृंगार किया गया, जिसके दर्शनार्थ सुबह से देरशाम तक भक्त कतारबद्ध होकर दर्शन करते रहे । मंदिर सेवक ऋतुराज सोनी, मनोज सोनी, टिल्लू सोनी, भक्त दिलीप पालीवाल आदि ने बताया बाबा का श्रृंगार 91 किलो ड्रायफ्रुट की माला एवं दिल्ली, आगरा, वृंदावन से लाए गए विशेष फुलों से बाबा श्री श्याम की हवेली सजाई गई । भक्तों ने इस अद्भुत श्रृंगार के दर्शन किए और श्री श्याम की भक्ति में लीन होकर जयकारे लगाकर नतमस्तक होते हुए आशीर्वाद लिया । बाबा श्री श्याम सेवक ऋतुराज सोनी, दीपराज सोनी ने बताया कि आज समर्पण, त्याग और श्रद्धा के प्रतीक खाटू श्याम जी का जन्मोत्सव उत्सवी माहौल में मनाया जा रहा है । शीश के दानी बाबा श्याम ने अपने बलिदान और भक्ति से समाज को सच्चा मार्ग दिखायाए आज उनके चरणों में अपना शीश नवाते हुए हम सब हृदय से प्रार्थना करते हैं कि वे हम सबको अदम्य साहस, सच्ची बुद्धि और निष्ठा प्रदान करें । सुबह बाबा का विशेष श्रृंगार करने के बाद दर्शनार्थ पट खोले गए । रात्रि में रंगारंग आतिशबाजी के साथ ही केक काटकर खुशियां मनाई गई । इस दौरान जयकारों और सुमधुर भजनों के बीच माहौल धर्ममय बना रहा । उल्लेखनीय है कि एकादशी की दो दिन तिथियां होने से तुलसी विवाह के आयोजन रविवार को किए जाएंगे । इस दौरान घर के आंगन मंदिरों में गन्ने की खोपड़ी बनाकर तुलसी जी और सालिगराम जी का पूजन कर विवाह कराया जाता है, जिसके बाद पिछले चार माह से थमे मांगलिक कार्यक्रम भी शुरु हो गए ।

एक नजर में केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर और राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार सहित कई संत-महात्मा हुए शामिल , लाखों भक्तों ने किए त्रिवेदेव के दर्शन

धरगांव में श्याम-सांवरिया-सालासर धाम के पट खुले , प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का चौथा दिन संपन्न

कमलेश चौहान

मंडलेश्वर । निमाड़ क्षेत्र के लिए एक नए आस्था केंद्र के रूप में उभरे धरगांव के श्री श्याम सांवरिया चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 29 अक्टूबर से 2 नवंबर का चौथा दिन आज 1 नवंबर अत्यंत भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ । आज ग्यारस के पावन अवसर पर, नवनिर्मित श्री श्याम सांवरिया धाम के पट आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए, जिसके साथ ही यहाँ स्थापित भगवान खाटू श्याम जी, श्री सांवलिया सेठ जी और श्री सालासर हनुमान जी के त्रिवेदेव के दर्शन के लिए लाखों भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा ।

आज से आम भक्तों के लिए खुले पट: आज दोपहर 3:02 बजे शुभ मुहूर्त में, मंत्रोच्चार के बीच मंदिर के पट खोले गए । भक्तों ने न केवल भगवान खाटू श्याम के जन्मोत्सव की खुशियाँ मनाई, बल्कि भगवान के प्रथम दर्शन कर खुद को धन्य महसूस किया । दिन भर भक्तों का तांता लगा रहा, जिससे पूरा मन्दिर प्रांगण जय श्री श्याम के नारों से गूंज उठा ।

लक्ष्मीनारायण महायज्ञ और मेला रहा आकर्षण का केंद्र: महोत्सव के तहत पाँच दिवसीय लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और धर्मलाभ प्राप्त किया । इसके साथ ही, परिसर में लगा कृषि मेला किसानों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जहाँ उन्हें कृषि से संबंधित आधुनिक उपकरणों और वर्तमान खेती-बाड़ी की जानकारी मिली । वहीं, श्याम मेले में मनोरंजन और खरीदारी के लिए लगी दुकानों पर भी आसपास के लोगों की काफी भीड़ उमड़ी ।

संतों और राजनेताओं की गरिमामयी उपस्थिति

इस विराट धार्मिक और सामाजिक समागम में कई प्रमुख हस्तियों और पूज्य संतों की उपस्थिति ने आयोजन को और भव्य बना दिया । प्रमुख रूप से केंद्रीय राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास सावित्री ठाकुर, राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार, महेश्वर विधायक राजकुमार मेव , पूर्व विधायक डॉ . विजयलक्ष्मी साधो , पूर्व विधायक भूपेंद्र आर्य, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे । ?महोत्सव को अपना आशीर्वाद देने के लिए श्री महंत शशि गिरी जी महाराज (हिमाचल प्रदेश), साध्वी भारती दीदी जी, श्री प्रभुजी गुरुदेव (तिरला धाम), महामंडलेश्वर श्री उत्तम स्वामी जी, स्वामी देव प्रकाश दास जी (स्वामीनारायण संस्थान) और सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित गोपाल कृष्ण जी महाराज (वृंदावन आश्रम) जैसे कई पूज्य संत-महात्मा और विद्वान आचार्य मौजूद रहे ।